(घ) क्या सरकार का विचार प्रत्येक रेल डिब्बे में कोई ऐसा पुश बटन लगाने का है जिसके दबाते ही रेलवे सुरक्षा बल के सिपाहियों तथा रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे अन्य यात्रियों को भी यह पता चल जाये कि गाड़ी में अपराध हो रहा है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीशिव नारायण)**: (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

## जनता पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में राजनीतिक स्वरूप का वायदा

5495. **डा० रामजी सिंह** : क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सत्तारूढ़ पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में जिस राजनीतिक स्वरूप का वचन दिया था सरकार अब भी उसे मानती है ;

(ख) क्या तारकुण्डे समिति तथा चुनाव प्रणाली में सुधारों के बारे में अन्य समितियों द्वारा दिये गये सुझावों पर आधारित कोई विधेयक संसद के चालू सत्र में लाया जायेगा ; और

(ग) क्या सरकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में किये गये उस संशोधन को रद्द करेगी जिससे भ्रष्टाचार की परिभाषा बदल गई है ?

**विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नरसिंह यादव)** : (क) सरकार ने अपनी नीतियां गढ़ते समय जनता पार्टी के निर्वाचन घोषणापत्र में अन्तर्विष्ट राजनैतिक अधिकार-पत्र का ध्यान रखा है और उस अधिकार पत्र में उल्लिखित अधिकतर बातों को या तो पूरा किया या पूरा कर रही है ।

(ख) तारकुण्डे समिति की निर्वाचन सुधारों विषयक रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों की तथा निर्वाचन सुधारों के संबंध में निर्वाचन आयोग और अन्य समितियों और निकायों द्वारा की कई सिफारिशों की जांच की जा रही है । इन प्रस्तावों का सावधानी पूर्वक अध्ययन करना होगा और उन पर विचार करना होगा अत: सरकार को इनके बारे में विनिश्चय करने में अभी कुछ और समय लगेगा । इन प्रस्तावों के बारे में राजनैतिक दलों के साथ भी विचार-विमर्श करना पड़ सकता है । इन परिस्थितियों में संसद् के चालू सत्र में इस विषय पर व्यापक विधेयक पुर:स्थापित करना सरकार के लिए संभव नहीं होगा ।

(ग) निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1974 और निर्वाचन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1975 द्वारा किए गए संशोधनों को निरसित करने के लिए निर्वाचन विधि (संशोधन) विधेयक, 1977 नामक एक विधेयक लोक सभा में 22-12-77 को पुर:स्थापित कर चुकी है ।

## Triunelveli-Cape Comorin Project

5496. SHRI K. A. RAJU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the reason for the abnormal delay caused in the completion of project Tirunelveli Nagarkoil-Cape Comorin broad gauge construction; and

(b) is there any time-bound programme fixed for the completion of Tirunelveli-Cape Comorin construction project?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) The

inhibiting factor in the completion of the project has been the severe constraint on the availability of funds.

(b) The whole project is proposed to be completed by 1980, subject to adequate funds being made available in the next two years.

**Railway Division at Salem**

5497. SHRI K. A. RAJU: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal for creation of additional Railway Division with headquarters at Salem bifurcating the present Olavakkot Division of the Southern Railway; and

(b) if so, by what time the scheme will be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) No.

(b) Does not arise.

**Report of Oil Prices Committee**

5498. SHRI DHARMASINHBHAI PATEL: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state whether Government propose to make oil price committee report public?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H. N. BAHUGUNA): Yes, Sir.

**सलाया-जामनगर गाड़ियां**

5499. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सौराष्ट्र, गुजरात में 437-अप और 438-डाउन सलाया-जामनगर गाड़ियां अस्थायी आधार पर आरम्भ की गई हैं ; और यदि हां, तो कब से ;

(ख) उक्त गाड़ियां कब से नियमित आधार पर चलेंगी ;

(ग) क्या जामनगर ज़िले के मोदपुर गांव में रेलवे अधिकारियों से 1 फरवरी 1978 को उक्त सेवाएं रविवार को भी नियमित आधार पर चलाने की व्यवस्था करने, गर्मियों में प्रतीक्षा कक्षों, शीतल पेय जल की व्यवस्था करने और मोदपुर गांव के निकट रेलवे फाटक को पुन: खोलने का अनुरोध किया गया था ;

(घ) यदि हां, तो रेलवे अधिकारियों से की गई मांगों का ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) प्रत्येक मांग के बारे में क्या कार्यवाही की गई अथवा करने का विचार है और कार्यवाही कब तक की जायेगी ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण)** : (क) और (ख) . 437-अप/438-डाउन सलैया-खम्बालिया यात्री गाड़ियां का आना-जाना 1-2-78 से 6 महीने के लिए परीक्षण आधार पर सलैया-जामनगर तक बढ़ा दिया गया है परीक्षण अवधि के दौरान इन गाड़ियों का जामनगर से नियमित रूप से आना जाना शुरू करना यात्रियों दवारा उपयोग करने पर निर्भर करता है ।

(ग) से (ङ) . रविवार के दिनों म इन गाड़ियों को चलाने की मांग पूरी कर दी गयी है और 12-2-78 से यह गाड़ियां चल रही है । कम यातायात के कारण एक ऊंचे दर्जे के प्रतीक्षालय की व्यवस्था करने का कोई औचित्य नहीं है 1-4-78 से एक अस्थायी पानी वाला स्वीकार किया गया है । छतदार स्थानों की व्यवस्था करने का प्रस्ताव विचाराधीन है और रेल उपयोग कर्ता सुविधा समिति के परामर्श और धन उपलब्ध होने पर इनकी व्यवस्था की जायेगी । मोदपुर गांव के समीप कोई रेल समपार नहीं है । अत इसे फिर से खोलने का प्रश्न नहीं उठता है ।